# फर्द अहकाम

(नियम 25)

## न्यायालय सहायक कलक्टर बापिणी कैम्प फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर–2025
## अचलाराम बनाम तहसीलदार बापिणी

नम्बर :– 2025/144

मुकदमा 136 एल.आर.एल. एक्ट

| तारीख | हुक्म या कार्यवाही | वि.वि. |
|---|---|---|
| | प्रार्थी अचलाराम पुत्र उरजाराम जाति जाट निवासी पड़ासला फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिवि़र अभियान–2025 कैम्प बापिणी ने एक प्रार्थना पत्र पेश कर ग्राम पड़ासला के खाता नम्बर 438 रकबा 10.7080 हैक्टैयर में प्रार्थी का नाम अम्बालाल पुत्र उरजाराम दर्ज है जो अशुद्ध है।<br>प्रार्थी का शुद्ध नाम अचलाराम पुत्र उरजाराम है। साक्ष्य के तौर पर प्रार्थी द्वारा परिवार आधार कार्ड नम्बर 6554 0744 9501, मतदाता परिचय पत्र RJ/24/188/003250 व अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति पेश की जिसमें प्रार्थी का नाम अचलाराम पुत्र उरजाराम दर्ज है जो शुद्ध है।<br><br>इस संबंध में हल्का पटवारी पड़ासला भू.अ.नि. मतोड़ा एवं तहसीलदार बापिणी से रिपोर्ट तलब की गई। रिपोर्ट में इन्होनें प्रार्थी का नाम अचलाराम पुत्र उरजाराम शुद्ध करने की अनुशंषा की है।<br><br>अतः प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम पड़ासला के खाता नम्बर 438 में प्रार्थी का नाम अम्बालाल पुत्र उरजाराम के स्थान पर नाम अचलाराम पुत्र उरजाराम राजस्व रेकॉर्ड में शुद्ध किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है।<br><br>पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। | |